<u>प्रेस विज्ञप्ति</u>

गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय
<u>पंतनगर, जिला– ऊधमसिंह नगर (उत्तराखण्ड)</u>

<u>विश्वविद्यालय में समर स्कूल का आयोजन</u>

विश्वविद्यालय में गृहविज्ञान महाविद्यालय के परिवार संसाधन प्रबंध विभाग के स्टूडेंट रेडी प्रोग्राम के अंतर्गत चतुर्थ वर्ष के विद्यार्थियों द्वारा 13 से 18 जून 2022 तक 'फ्यूल द समर स्कूल' का आयोजन किया गया है, जिसका उद्घाटन विश्वविद्यालय के कुलपति, डा. ए.के. शुक्ला द्वारा किया गया। इस समर स्कूल में कक्षा 3 से 12 तक के विद्यार्थियों के लिए आर्ट्स एण्ड क्राफ्ट तथा डांस कक्षाओं का आयोजन किया गया है। साथ ही सभी आयु वर्ग के लोगों के लिए प्रातः 7:00 से 8:30 बजे तक योगा एवं मेडिटेशन का भी आयोजित किया जा रहा है। योगा शिविर का आयोजन प्रशिक्षित योगाचार्य मेस वसुंधरा वशिष्ठ के सानिध्य में किया जा रहा है। परिसर की महिलाओं के लिए यह योगा शिविर निःशुल्क आयोजित किया जा रहा है जो गृहविज्ञान महाविद्यालय में संध्याकालीन 4:00 से 5:30 बजे तक आयोजित किया जा रहा है।

समर कैंप का उद्घाटन करते हुए कुलपति, डा. ए.के. शुक्ला ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा की बचपन हमारे जीवन का सबसे खूबसूरत समय होता है। इस अवसर पर उन्होंने यह भी कहा की गृहविज्ञान महाविद्यालय शैक्षणिक कार्यक्रमों में अपना उत्कृष्ट प्रदर्शन करता रहा है, जिससे न केवल गृहविज्ञान के विद्यार्थियों वरन् परिसर के बच्चों एवं परिसरवासियों को भी लाभ मिलता है।